Sri Arvind Mahila College, Patna

Accredited by NAAC with B+ Grade

(A Constituent Unit of Patliputra University, Patna)

Organizing Department: Department of Political Science

26.11.2022

संविधान दिवस के अवसर परश्री अरविंद महिला कॉलेज में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा संविधान की प्रस्तावना और मौलिक कर्तव्यों का समूह पाठ डॉ प्रभा मिश्रा ने करवाया। इस अवसर पर एक व्याख्यान का आयोजन भी किया गया। डॉ सपना बरुआने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत, जो कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, में लोकतंत्र की जड़ें प्राचीन काल से ही देखने को मिलती हैं। इसका उदाहरण वैशाली गणराज्य और ऋग्वेद में उल्लिखित की गई सभा और समिति जैसी संस्थाएं है। इस अवसर पर एक क्विज का भी आयोजन किया गया। आयोजन में प्रो अंजली प्रसाद, प्रो एम आई एच खान, डॉ बीमौर्या, डॉ गीता कुमारी, डॉ मिन्नीसिन्हा, डॉ रामचंद्र प्रसाद सिंह, श्री आदित्य भारद्वाज, श्री गोपाल कुमार, डॉ अनुमाला सहित लगभग सौ छात्राएं उपस्थित रहीं।

भाषण प्रतियोगिता में छात्राओं ने संविधान के महत्व के बारे में बताया

t.me/PatliputraUniversityPPU

वीमेंस ट्रेनिंग कॉलेज : शनिवार को संविधान दिवस के अवसर पर ग्रुप डिस्कशन का आयोजन किया गया. मौके पर छात्राओं को संविधान के महत्व से अवगत कराते हुए उन्हें अपने अधिकारों के बारे में जानकारी दी गयी. ग्रुप डिस्कशन में बीएड फर्स्ट इयर की छात्राओं संविधान की प्रस्तावना, मौलिक अधिकार, स्टेट पॉलिसी, एजुकेशन प्रोवीजन आदि विषयों पर चर्चा की. प्रतियोगिता में चार छात्राओं के चार ग्रुप ने भाग लिया, जिनमें ग्रुप ए और बी सम्मिलित रूप से विजेता रहे. मौके पर कॉलेज की प्राचार्य डॉ मुनव्वर जहां ने छात्राओं को संबोधित करते हुए संविधान के अस्तित्व में लाने के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की.

जेडी वीमेंस कॉलेज : राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से संविधान दिवस के अवसर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. भारतीय संविधान की मूल संरचना एवं प्रजातंत्र में विरोधी दलों की भूमिका विषय पर छात्राओं ने अपने विचार को लोगों के सामने रखा. कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ मीरा कुमारी ने संविधान के महत्व और इसमें दिये गये अधिकारों पर चर्चा की. भाषण प्रतियोगिता के जज की भूमिका में प्रोफेसर डॉ पद्मलता ठाकुर और डॉ मीना सिन्हा मौजूद रहीं. प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर राजनीति विज्ञान विभाग की एलिना, द्वितीय स्थान पर राजनीति विज्ञान विभाग की लवली राज तथा तृतीय स्थान पर इतिहास विभाग की नंदनी ने कब्जा जमाया.

अरविंद महिला कॉलेज : जनीति विज्ञान विभाग की ओर शनिवार संविधान दिवस के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया. व्याख्यान में छात्राओं को संविधान के महत्व पर चर्चा करते हुए लोकतंत्र के इतिहास से रूबरू कराया गया. इस अवसर पर छात्राओं ने सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया. इसके साथ ही छात्राओं के बीच क्विज का भी आयोजन किया गया.